**Fake Medicines: नकली दवाओं का जखीरा बरामद, दिल्ली समेत कई राज्यों में फैला है कारोबार; गुनहगार कौन?**



**अनूप कुमार सिंह, नई दिल्ली।** नकली दवाओं के खिलाफ लगातार हो रही कार्रवाई का डर कारोबारियों पर असर नहीं कर रहा है। यही वजह है कि राष्ट्रीय राजधानी में नकली दवाओं का कारोबार थम नहीं रहा है। शनिवार को औषधि नियंत्रण विभाग ने दिल्ली की सबसे बड़ी दवा मंडी चांदनी चौक स्थित भागीरथ पैलेस से पांच लाख से अधिक नकली दवाएं जब्त कीं।

कारोबारियों पर कार्रवाई का कोई असर नहीं

पिछले महीने भी विभाग ने यहां से ढाई लाख की नकली दवाएं जब्त की थीं। इससे यह पुष्टि हो गई कि नकली दवा कारोबारियों पर इन कार्रवाई का कोई असर नहीं हो रहा है। इस कारोबार की जड़ें पुडुचेरी से लेकर हिमाचल प्रदेश, यूपी, उत्तराखंड, हरियाणा तक फैली हुई हैं।

इन जगहों पर नकली दवाएं बनाकर पैकिंग की जाती हैं और दिल्ली की दवा मंडी में बिक्री के लिए भेजी जाती हैं। वर्ष 2022 से 2025 के बीच एनसीआर में 17 करोड़ से अधिक की नकली दवाएं जब्त की गईं, इन मामलों में 35 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया।

Source: https://www.jagran.com/delhi/new-delhi-city-ncr-delhi-fake-drug-bust-rs5-lakh-seized-action-falters-23930718.html